सुविचार



हमेशा ध्यान में रखिए कि आपका सफल होने का संकल्प किसी भी और संकल्प से महत्वपूर्ण है।
- अब्राहम लिंकन


# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , बुधवार,4 मार्च 2026


## बरेली के प्रमुख समाचार


- होलिका दहन को लेकर दो गांवों में विवाद, तनाव-II
- मुश्किल में सफर : होली से एक दिन पहले फुल होकर चलीं ट्रेनें-III
- सड़कों पर आस्था और सांस्कृतिक विरासत की दिखी झलक-IV




| इफ्तार | सहरी |
| --- | --- |
| बुधवार शाम | गुरुवार सुबह |
| सुन्नी : 6:18 | सुन्नी : 5:10 |
| शिया : 6:27 | शिया : 5:02 |

# चंद्र ग्रहण : मंदिरों के कपाट रहे बंद, घरों में भजन-कीर्तन

- मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रही रोक
- शाम 6:47 बजे ग्रहण समाप्त होने पर खुले मंदिरों के कपाट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली से ठीक एक दिन पहले मंगलवार को चंद्र ग्रहण के चलते सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में मंदिरों में पूजा-अर्चना और दर्शन वर्जित होते हैं, इसलिए त्रिवटीनाथ मंदिर, कालीबाड़ी मंदिर, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, वनखंडीनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। ग्रहण काल के दौरान श्रद्धालुओं ने घरों में ही भजन-कीर्तन किया।

आचार्य महेश शास्त्री ने बताया कि चंद्र ग्रहण का सूतक काल सुबह 6:20 बजे से शुरू हो गया। शाम 6:47 बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में शुद्धिकरण का कार्य किया गया। गंगाजल से मंदिरों की सफाई कर विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न की गई। सभी मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए पुनः खोले गए। मंदिरों के प्रांगण में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



चंद्र ग्रहण के दौरान त्रिवटीनाथ मंदिर के कपाट बंद रहे। ● अमृत विचार

## उत्साह : दूरबीन से चंद्र ग्रहण देखकर रोमांचित हो उठे बच्चे



**बरेली, अमृत विचार :** जिला इको क्लब ने खगोलीय, वैज्ञानिक एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए मंगलवार को ट्यूलिप ग्रैंड टावर पर चंद्र ग्रहण अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने दूरबीन के जरिये चंद्रग्रहण को देखा गया। छात्र चंद्रग्रहण को देखकर रोमांचित हो उठे। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने कहा कि चंद्र ग्रहण खगोलीय वैज्ञानिक घटना है। इसका पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। चंद्र ग्रहण में सूर्य और चंद्रमा के मध्य पृथ्वी आ जाती है तो चंद्रमा के पृथ्वी की छाया में प्रवेश होने से अंधकार हो जाता है। इस स्थिति में पूर्णिमा के समय सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में आ जाते हैं। दूरबीन विशेषज्ञ एसके पाठक ने दूरबीन की सहायता से चंद्र ग्रहण को समझाया।बच्चे बोले चंदा मामा दूर के, ट्यूलिप ग्रैंड टॉवर पर आए हैं और दूरबीन से देखकर सभी बच्चे रोमांचित हो उठे। प्रशासनिक अधिकारी विकास भवन एनपी सिंह ने विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी की। इस अवसर पर प्रोफेसर नीरज सक्सेना, प्रोफेसर राज कमल, सुधांशु सक्सेना, यश, एनपी सिंह, शैली, नूपुर, रिद्धिमा, मुदित अग्रवाल, अमोल बंसल उपस्थित रहे। इको क्लब प्रभारी प्रवीण कुमार ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प कराया और वृक्षारोपण पर बल दिया।

## सिटी ब्रीफ

### टकराकर पलटी पिकअप,चालक घायल

**मीरगंज/बरेली, अमृत विचार :** हाइवे के फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई और क्षतिग्रस्त हो गई। चालक के चोटें आई हैं। अयोध्या निवासी कृपाशंकर मंगलवार को दोपहर के समय खाली पिकअप वाहन लेकर दिल्ली से अयोध्या जा रहे थे। मीरगंज में फ्लाईओवर पर पहुंचने पर वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई और चालक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घायल चालक कृपा शंकर का प्राथमिक उपचार कराकर घर को भेज दिया गया।

### युवती लापता, रिपोर्ट

**नवाबगंज/ बरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के लापता हो गई है। परिजनों ने आशंका जताई है कि मोबाइल पर संपर्क में रहने वाला एक युवक उसे अपने साथ ले गया। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार युवती पिछले कुछ समय से किसी अज्ञात नंबर पर लगातार बातचीत करती थी। 27 फरवरी को वह घर से निकली, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। युवती के पिता ने थाना नवाबगंज में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

### ट्रेन से युवक की मौत

**फतेहगंज पूर्वी,/ अमृत विचार :** होली से एक दिन पूर्व क्षेत्र के गांव तरामेवा निवासी 28 वर्षीय विनोद पुत्र होरीलाल की सोमवार तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह करीब चार बजे टिसुआ रेलवे फाटक के पास युवक का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला।

# बेखौफ मनाएं होली, पुलिस-प्रशासन रहेगा मुस्तैद

## होली पर खुराफात की तो सख्ती से निपटेगी पुलिस, सुरक्षा व्यवस्था बनाने को तैनात किए गए 3000 से ज्यादा पुलिसकर्मी

- एसएसपी ने कहा - करीब 6 हजार लोग मुचलका पाबंद
- जिले में 169 क्यूआरटी का गठन कर रखी जा रही नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली बुधवार को मनाई जाएगी। जिले के लोगों से अपेक्षा की गई है कि वह बेखौफ होकर कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर होली का त्योहार मनाएं। खुराफातियों और बवालियों पर नजर रखने के लिए पुलिस को पूरी तरह से अलर्ट रहते हुए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। एसएसपी ने साफ संदेश दिया है कि अगर होली पर किसी ने भी माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी। जिले में करीब 6 हजार लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है, जबकि 500 से अधिक लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने शहर से लेकर देहात तक अलग अलग टीमें गठित की हैं। जिले में 3 हजार से अधिक जगह पर होलिका दहन होता है। साथ ही बड़ी संख्या में जुलूस निकलते हैं। होली को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए चार एडिशनल एसपी, 10 सीओ, 29 थाना प्रभारी, 32 इंस्पेक्टर, 580 सब इंस्पेक्टर, 1522 हेड कांस्टेबल, पीएसी और आरएएफ के अलावा होमगार्ड को भी सुरक्षा में लगाया गया है। वहीं पूरे जिले में 169 क्यूआरटी का गठन किया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शांति के साथ होली का त्योहार मनाएं। कहा कि अगर किसी ने होली पर खुराफात या हुड़दंग करने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए एसएसपी के निर्देश पर शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में ड्रोन उड़ाकर छतों की तलाशी ली गई थी। जहां पर पत्थर दिखे थे, वहां से हटवा दिए गए थे।



होली के मद्देनजर नावल्टी चोराहे पर तैनात आरआरएफ के जवान। ● अमृत विचार

### होली पर पानी की भरपूर आपूर्ति, नहीं होगी दिक्कत

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम के जलकल विभाग ने होली पर भरपूर जलापूर्ति की तैयारी की है। रंग वाले दिन सुबह से देर शाम तक तीन बार जलापूर्ति की जाएगी। जलकल विभाग के सहायक अभियंता अतीज कुमार ने बताया कि पाइप लाइनों में 24 घंटे पानी रहेगा। पूरे प्रेशर के साथ 16-28 घंटे तक आपूर्ति मिलेगी। अगर कहीं कोई कमी आती है तो कर्मचारी उसे ठीक करने के लिए सूचना पर तत्काल पहुचेंगे। इसके लिए शहर में जोनवार टीमें लगाई गई हैं। अगर कहीं कोई दिक्कत आए तो 7055519611, 7055519625, 7055519610 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अभियंता के मुताबिक होली पर पानी की खपत सबसे अधिक होती है। इसलिए टैंकर भी रिजर्व में रखे गए हैं। जहां ओवरहेड टैंक हैं, वहां कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## डीएम ने होली पर निगरानी के लिए तैनात किए मजिस्ट्रेट

- जिले के सभी थाना क्षेत्रों में प्रशासनिक अफसर रहेंगे मुस्तैद
- अग्निशमन विभाग आकस्मिक स्थिति से निपटने को अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में रंगों का त्योहार होली आज मनाया जाएगा। प्रशासन ने त्योहार को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। डीएम अविनाश सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे होली को आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति या समूह होली के दौरान दंगे, झगड़े या किसी भी प्रकार की अशांति का कारण बने, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य है कि पर्व सभी के लिए सुरक्षित और आनंदमय हो।



जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नगर मजिस्ट्रेट और अपर नगर मजिस्ट्रेट को शहर के प्रमुख थाना क्षेत्रों जैसे प्रेमनगर, कोतवाली, किला, बारादरी, सुभाषनगर और इज्जतनगर में शांति व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा सभी उप जिलाधिकारियों को अपनी-अपनी तहसीलों के थाना क्षेत्रों में सतर्क रहने और निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस बल को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। आगजनी और अन्य आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग को चौबीस घंटे सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। अग्निशमन गाड़ियों को आवश्यक स्थानों पर व्यवस्थित किया गया है।

## दिव्यांग की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा

**भमोरा/बरेली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव झिंझरी निवासी सुरेश पाल के दिव्यांग पुत्र अरविंद ( 37) का शव 26 फरवरी को देर रात गांव निवासी सोमपाल की झोपड़ी के पास ट्राई साइकिल पर पड़ा मिला था। पिता सुरेश पाल ने बताया कि पुत्र गलत संगत में पड़ शराब का आदी हो गया था। सुबह से ही गांव निवासी रामकृष्ण उसे घर से बुला कर ले गया था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की तो रामकृष्ण पुत्र बाबूराम व मुनीष पुत्र सूरजपाल से पूछताछ की तो बताया अरविंद के साथ दारु पीने के लिए उसे घर से ले गए थे।

अरविंद ने शराब ज्यादा पी ली थी। वह नशे में गालियां देने लगा। हम लोग भी नशे की हालत में थे। मुनीष ने उसका गला दबा दिया व रामकृष्ण ने उसका सर ट्राई साइकिल पर मार दिया था। और हम दोनों लोग वहां से भाग गए। एसओ भमोरा सनी चौधरी ने बताया दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है। जांच की जा रही है।

# आज अलर्ट रहेगा इमरजेंसी वार्ड और सीएचसी



जिला अस्पताल के दवा काउंटर के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली के चलते जिला अस्पताल की ओपीडी मंगलवार दोपहर 12 बजे तक ही संचालित हुई। इसके बावजूद मरीजों का टोटा रहा और कई डॉक्टर समय से पहले ही चले गए। उधर, बुधवार को होली पर हादसों की संभावना को देखते हुए इमरजेंसी समेत जिले की सभी सीएचसी पर भी स्टाफ को तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं।

होली को देखते हुए बुधवार को जिला अस्पताल की इमरजेंसी के साथ-साथ जिले की सभी सीएचसी में तैनात स्टाफ को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वह सुबह से लेकर रात तक अलर्ट रहे। यदि कोई हादसे, मारपीट का घायल वहां गंभीर हालत में आता है तो उसे तुरंत भर्ती कर उसके इलाज करने को कहा गया है। वहीं इमरजेंसी सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहेंगी। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है। इमरजेंसी में तीन शिफ्टों में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है, ताकि मरीजों को तत्काल इलाज मिल सके। वहीं, सामान्य दिनों में जहां ओपीडी में मरीजों की भीड़ रहती है, वहां मंगलवार को सन्नाटा दिखाई दिया। कई डॉक्टर निर्धारित समय से पहले ही चले गए और जिन कक्षों के बाहर आमतौर पर लंबी कतारें लगती थीं, वहां कुछ ही मरीज नजर नहीं आए। त्योहार के कारण मरीजों की संख्या में कमी आई है।

### जिला अस्पताल के नए एडीएसआईसी होंगे डॉ. रमेश चंद्र

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के नए प्रभारी एडीएसआईसी डा. रमेश चंद्र होंगे। वह जल्द ही डा. अजय मोहन अग्रवाल से चार्ज लेंगे। डा. रमेश चंद्र एनेस्थीसिया विभाग में वरिष्ठ परामर्शदाता हैं। डॉ अजय मोहन अग्रवाल वरिष्ठ फिजीशियन हैं। वह 62 साल के हो गए हैं। नियम के तहत 62 साल से अधिक उम्र के चिकित्सक किसी प्रशासनिक पद पर नहीं रह सकते हैं, ऐसे में अब डा. रमेश चंद्र को एडीएसआईसी का चार्ज दिया जाएगा।

> होली पर जिले की सभी सीएचसी और इमरजेंसी वार्ड में तैनात स्टाफ को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। इसकी तैयारी के लिए भमोरा सीएचसी का निरीक्षण भी किया गया था। सीएचसी पर सुबह से ही डॉक्टर और स्टाफ तैनात रहेगा।
>
> – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ







बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय – प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# होलिका दहन को लेकर दो गांवों में विवाद, तनाव

## पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर संभाली स्थिति, दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला शांत कराया

संवाददाता, गुलड़िया/ मीरगंज

**अमृत विचार :** होली पर्व से पहले जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। समय रहते पुलिस और प्रशासन की सक्रियता से दोनों ही मामलों में तनाव बढ़ने से पहले हालात काबू में कर लिए गए। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की, पक्षों से बातचीत की और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

**मुगलपुर फर्स्ट में समय से पहले आग लगाने का आरोप, पुलिस ने कराया शांत :** गुलडिय़ा में सिरौली थाना क्षेत्र के गांव मुगलपुर फर्स्ट में होलिका दहन से एक दिन पूर्व आग लगाए जाने के आरोप पर दो समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। सोमवार रात करीब 10 बजे होलिका में आग लगने के बाद ग्रामीणों ने दूसरे समुदाय के कुछ युवकों पर माहौल खराब करने का आरोप लगाया।



गांव बहादुरपुर द्वितीय में लोगों से बातचीत करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार



गुलड़िया में होलिका स्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण। ● अमृत विचार

ग्रामीणों दीपक, पुरन, प्रकाश, सचिन सक्सेना, महाबीर वर्मा, राहुल, प्रेमशंकर, महेंद्र और सूरज सहित अन्य लोगों का कहना है कि निर्धारित तिथि मंगलवार की रात को होलिका दहन होना था, लेकिन उससे पहले ही आग लगाकर माहौल खराब करने की कोशिश की गई। हिंदू समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि उनके त्योहारों में व्यवधान डालने का प्रयास किया जाता है।

सूचना पर पुलिस और सीओ मीरगंज अजय कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। एक पक्ष की ओर से नामजद तहरीर दी गई है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गांव में फिलहाल शांति है और निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।

**बहादुरपुर द्वितीय में होली स्थल पर कब्जे को लेकर कहासुनी, झोपड़ी हटवाई :** मीरगंज में थाना शाही क्षेत्र के बहादुरपुर द्वितीय गांव में पारंपरिक होलिका दहन स्थल पर झोपड़ी डालकर पशु बांधने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने भामा पत्नी नंदराम, सत्यवती पत्नी प्रेमपाल और चमेली पत्नी ढाकन पर स्थल पर कब्जे का आरोप लगाया।

शिकायत मिलने पर थानाध्यक्ष राजेश कुमार बैसला गांव पहुंचे। जांच में शिकायतकर्ता पक्ष की गलती पाए जाने पर आपसी सहमति से झोपड़ी हटवाकर सुरक्षित स्थान पर रखवा दी गई। होलिका दहन तक निगरानी के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गांव में पूर्ण शांति बनी हुई है।

# गैंगरेप का आरोपी अस्पताल से पीड़िता की मां को दे रहा धमकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी से शिकायत करके रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी जेल से जिला अस्पताल में आकर दुष्कर्म पीड़िता की मां को मुकदमे में गवाही न देने को लेकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मंगलवार को जिलाधिकारी बरेली से शिकायत करके आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

जिला पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की महिला है। महिला ने बताया कि 6 मार्च 2024 को वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ दवा लेने बीसलपुर के सरकारी अस्पताल गई थी। आरोप है कि उसकी नाबालिग बेटी को भमोरा थाना क्षेत्र के लंगूर गांव निवासी नरेंद्र यादव अपहरण करके अपने गांव ले गया था। जहां उसने अपने साथियों के साथ उसकी नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इसके बाद उसकी बेटी को जान से मार कर दूर कहीं नेपाल की तरफ फेंक देने के इरादे से जिला श्रावस्ती में फेंक कर भाग गए थे। इसके संबंध में जिला श्रावस्ती के नवीन मॉडर्न थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमे में आरोपी संजय और नरेंद्र जिला कारगर बरेली में काफी समय से बंद है। न्यायालय में 7 मार्च 2026 को उसकी गवाही होना शेष है। महिला ने बताया कि श्रावस्ती न्यायालय से कुर्की वारंट होने के बाद आरोपी चालाकी से अवैध असलाह की तस्करी के अपने पुराने मुकदमे में जमानत तुलवाकर बरेली जेल में दाखिल हो गया और वहीं से बैठकर उसकी बेटी की हत्या की साजिश रचने लगा।

महिला ने बताया कि आरोपी ने मंगलवार को उसे व्हाट्सएप कॉल करके धमकाया और कहा कि वह जिला अस्पताल बरेली आ गया है और उस पर राजनेताओं का हाथ है। यदि तेरी नाबालिग बेटी ने उसके और उसके साथियों के खिलाफ गवाही दी तो उसकी लड़की की हत्या कर देंगे। महिला का आरोप है कि आरोपी ने ड्यूटी में तैनात बंदी रक्षकों की मौजूदगी में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके उसे धमकी दे रहा है। महिला ने कहा कि बिना बीमारी के जेल अधिकारियों की मिलीभगत से आरोपी जिला जेल से जिला अस्पताल बरेली में भर्ती हो गया है। महिला ने अपनी जान का खतरा बताते हुए जिलाधिकारी से शिकायत करके आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# घर के ताले तोड़कर लाखों रुपये का माल किया चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में गए परिवार के मकान के ताले तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान चुराकर ले गए। वापस लौटने पर परिवार को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- रिश्तेदारी में गया था परिवार, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

कैंट थाना क्षेत्र के लाल फाटक निवासी पिंकी ने बताया कि 1 फरवरी को वह रिश्तेदारी में गई थीं। 2 फरवरी की रात करीब 2. 30 बजे तीन चोर मकान के मेन गेट का ताला तोड़कर घुस गए। चोर घर में रखे सोने की चेन, अंगूठी, 25 हजार की नकदी और घड़ी चोरी कर ले गए। जब वह लौटीं चोरी की जानकारी हुई। डायल 112 को चोरी को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उसके बाद सामने वाले मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो देखा कि तीन अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर घुसे थे।

## मकान का ताला तोड़कर सामान चोरी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव रहपुरा जागीर में बंद पड़े मकान की ताला तोड़कर हजारों के सामान अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। होली पर अपने घर लौटे ग्रामीण घर का ताला टूटा और फैला सामान देखकर भौचक रहा गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। गांव रहपुरा जागीर निवासी प्रमोद कुमार ने बताया वह दो माह पहले रोजगार की तलाश में पूरे परिवार के साथ बाहर गए थे। होली के पर्व पर घर लौटकर आए घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। घर में रखे दो जंगाल, 2 पीतल की परात, 14 थाली, दो चमचे, दो लोटे, दो पीतल के बेला और बक्से में रखे 5 हजार नकद अज्ञात चोर उड़ाकर ले गए।

# घर में घुसकर महिला और बच्चों से मारपीट, रिपोर्ट

**फतेहगंज पूर्वी/बरेली, अमृत विचार :** घर में घुसकर महिला व उसके बच्चों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव बरगवा निवासी तारावती पत्नी राजवीर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीती 25 फरवरी की शाम गांव के ही रामवीर पुत्र नत्थू लाल, आदित्य पुत्र नामालूम तथा कंचन देवी उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि बीच-बचाव करने आए उसके बच्चों पिंकी और अमोल को भी आरोपितों ने पीटा, जिससे उसे और उसके बच्चों को गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए।

# पति से मनमुटाव पर फंदे से लटक कर दी जान

- 15 दिन से किराये के मकान में रह रही थी साक्षी
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** पति से मनमुटाव के बाद महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। मकान मालिक ने जब काफी देर तक दरवाजा बंद देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के वीर सावरकर नगर निवासी साक्षी की शादी पांच साल पहले कैंट थाना क्षेत्र के सदर स्थित धोपेश्वर नाथ मंदिर के पास रहने वाले गौरव से हुई थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच मनमुटाव हो गया। 15 दिन से साक्षी बिथरी चैनपुर क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही थी। सोमवार को को साक्षी ने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर मकान मालिक को शक हुआ। उन्होंने तत्काल साक्षी के परिजन और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर ने पेड़ से लटक कर दी जान

**भमोरा/बरेली, अमृत विचार :** 17 वर्षीय किशोर का गांव की ही एक किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को भनक लगने पर प्रेमिका ने जहर खा लिया। जिसे उसके परिजन अस्पताल ले गए। सोमवार शाम से घर से युवक गायब था। उसका शव पड़ोसी गांव नवदिया निवासी प्रदीप वर्मा के खेत मे पेड़ पर लटका मिला।

ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत चंदौआ के मझरा मंझा निवासी ओम प्रकाश के पुत्र कृष्ण पाल ( 17 ) सोमवार शाम से घर से लापता हो गया। जिसका ओमप्रकाश ने गुमशुदी का एक मैसेज भी डाल रखा था। मंगलवार सुबह गांव से दो किलोमीटर दूर नवदिया निवासी प्रदीप वर्मा के खेत में कृष्णपाल यूकेलिप्टस के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# झोलाछाप के गलत ऑपरेशन से मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** झोलाछाप ने अपनी दुकान पर गांव के युवक का हाईड्रोसील का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन में मरीज की नस कट गई। इससे उसके शरीर में इन्फेक्शन फैल गया। परिजनों ने उसका काफी इलाज कराया, लेकिन उसकी सोमवार की रात मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। उधर, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अमित कुमार ने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

- हाइड्रोसील का ऑपरेशन करते समय नस कटने से बिगड़ गई थी मरीज की हालत
- स्वास्थ्य विभाग ने फजीहत के बाद आरोपी झोलाछाप के खिलाफ दर्ज कराया केस

बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गौटिया निवासी अजय (23) के भाई सुमित ने बताया कि 6 दिसंबर को गांव में ही झोलाछाप जयवीर ने उसके भाई का हाइड्रोसील का ऑपरेशन अपनी दुकान पर किया था। ऑपरेशन के दौरान गलत नस कट जाने से उसके शरीर में धीरे-धीरे संक्रमण फैलने लगा। हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए दूसरे अस्पताल में ले गया, लेकिन वह ठीक नहीं हो सका और सोमवार की रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

वहीं, झोलाछाप के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिली थी। टीम ने मौके पर जाकर दुकान को सील कर दिया था और उन्होंने आरोपी झोलाछाप के खिलाफ बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा,
शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777


# बाइक सवार ने दंपत्ति को मारी टक्कर, नाले में फेंकी बाइक

मीरगंज/बरेली, अमृत विचार

बाइक सवार दंपति को टक्कर मारने के बाद कुछ लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल को नाले में फेंक दिया। इस हादसे में दंपति और उनकी 18 माह की बच्ची घायल हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

,थाना क्षेत्र के नंदगांव निवासी अनिल कुमार अपनी पत्नी राजकुमारी और 18 माह की बेटी सरिका के साथ बाइक से सिरौली चौराहे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान ब्लॉक परिसर के पास और अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने, कस्बे की ओर से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जबकि मासूम बच्ची को भी चोटें आईं। घटना को देखकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए और मदद करने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि टक्कर मारने के बाद आरोपी बाइक सवार ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में एक स्कॉर्पियो से कई लोग मौके पर पहुंचे और दंपति की मोटरसाइकिल को सड़क पार ले जाकर शराब भट्टी के सामने नगर पंचायत के चार पांच फिट गहरे नाले में फेंक दिया। सूचना मिलते ही कस्बा के उप निरीक्षक पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज भिजवाया। पीड़ित ने बाइक और स्कॉर्पियो सवारों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- पुलिस ने राहगीरों की मदद से नाले से निकाली बाइक

## पिता-पुत्र पर किला हमला, गंभीर घायल

**बरेली, अमृत विचार :** कहासुनी के बाद दबंगों ने दुकान पर बैठे पिता-पुत्र पर हमला कर घायल दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के बदायूं रोड के इटौआ सुखदेवपुर निवासी विजयवीर सिंह ने बताया कि वह बीडीए कॉलोनी में बैट्री का काम करते हैं। 28 फरवरी को वह सेटेलाइट पर किसी काम से गए था। वहां पर वाहन को हटाने को लेकर अज्ञात युवक से बहस हो गई थी। युवक खुद को शीतला देवी मंदिर निवासी बताकर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। अगले दिन वह दुकान पर बेटे के साथ काम कर रहा था। तभी वही युवक तीन लोगों के साथ लाठी डंडे लेकर दुकान पर आ धमका। आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। जिससे पिता-पुत्र गंभीर घायल हो गए। शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने सोनू उर्फ मैलुआ, संजीव और शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइकों में भिड़ंत, तीन युवक गंभीर घायल

**मीरगंज/ बरेली, अमृत विचार:** थाना शाही के शेरगढ़ रोड पर मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों में डायल 112 पुलिस में तैनात एक कॉन्स्टेबल भी शामिल है। सूचना मिलने पर शाही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुई। कॉन्स्टेबल सचिन अपनी बाइक से शेरगढ़ थाने की ओर जा रहे थे, जहां उनकी डायल 112 पुलिस में तैनाती है।इसी दौरान, शेरगढ़ की तरफ से मोहित और आकाश अपनी बाइक से शाही की ओर आ रहे थे। शाही बस स्टैंड से लगभग 300 मीटर आगे, रमपुरा चौराहे के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सचिन, मोहित और आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहित थाना शाही क्षेत्र के औरंगाबाद गांव का निवासी है, जबकि आकाश केरा गांव का रहने वाला है।

## सिटी ब्रीफ

### संजय गुप्ता को व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्ति किया

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारत हिन्दू महासभा ने सुभाष नगर निवासी संजय गुप्ता को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने नियुक्ति पत्र देते हुए यह घोषणा की है। उनसे उम्मीद है कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए अपने अधिकार क्षेत्र में टीम गठन कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं, राजकुमार सिंह को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है।

### 10 को रोटरी क्लब में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**बरेली, अमृत विचार** : डायनेमिक एजुकेशनल रिसर्च सोसाइटी की ओर से 10 मई को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय वैश्विक सतत विकास को भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका है। सोसाइटी के निदेशक डा. संजय पाल ने बताया कि सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति-निर्माता, विधि और तकनीकी विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस मंच पर भारतीय ज्ञान परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके आधुनिक तकनीक के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उपयोग के उपायों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन चौपुला रोड स्थित रोटरी भवन में होगा। सोसाइटी के सदस्य ओमेंद्र पाल, शंकर पाल, दीपमाला, डॉ. शशि कुमारी, नितिन कुमार, दीपिका गुप्ता, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. सुजीत महापात्रा सहित अन्य विशेषज्ञ इसमें भाग लेंगे।

### उज्ज्वला योजना के गैस सिलेंडर पाने को लगी भीड़

**शेरगढ़/बरेली, अमृत विचार** : कस्बा स्थित शिवम गैस एजेंसी पर उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर पाने को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। गैस सिलेंडर वितरित करने को लेकर कर्मचारियों के हाथ-पांव फूले रहे। एजेंसी कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में उपभोक्ताओं को गैस का वितरण किया। मंगलवार को एजेंसी पर नगरिया कलां, कबरा किशनपुर गांवों के लोग सिलेंडर पाने के लिए लाइन में लगे नजर आए।

# कीचड़ व जलभराव ने होली का मजा किया किरकिरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वार्ड 33 वनखंडीनाथ में ठेकेदार की लापरवाही से नागरिकों में गुस्सा
- सोशल मीडिया पर वायरल की तस्वीरें, नगर निगम के अफसरों पर भी आरोप

**अमृत विचारः** वार्ड 33 वनखंडीनाथ की गलियों में अधूरी सड़क, कीचड़ और जलभराव की समस्या ने स्थानीय नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। होली का मजा किरकिरा कर दिया है। आरोप है कि ठेकेदार निर्माण कार्य बीच में छोड़ कर गायब हो गया है। जगह-जगह गड्ढे हैं। इसकी वजह से आवाजाही में दिक्कत हो रही है। त्योहार के मौके पर भी लोग गंदगी और जलभराव के बीच होली मनाने के लिए मजबूर हैं।

स्थानीय निवासी रामऔतार, गंगाराम, बाबू, कमल, अतुल, रोहित, दिनेश, आदि ने बताया कि वार्ड में राजा के मकान से लेकर लाखन के मकान तक और दो लिंक गलियां मीरा देवी व वीर सहाय में नाली व सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित था। आरोप है कि ठेकेदार ने एक गली में काम शुरू किया और कई दिन से गायब है। इस कारण इन गलियों से गुजरना मुश्किल और खतरनाक हो गया है। इसको लेकर पूर्व में कई बार निगम प्रशासन से संपर्क किया। मेयर कार्यालय में भी शिकायती पत्र दिया, लेकिन समस्या का अभी तक निदान नहीं हुआ है। गुस्साए लोगों ने गलियों की तस्वीरें वायरल कर दी हैं। लोगों का कहना है कि निगम प्रशासन का सुस्त रवैया और ठेकेदार की लापरवाही ने वार्डवासियों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। वार्डवासियों ने नगर निगम से तत्काल कदम उठाने और जिम्मेदार ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।



गंदगी और जलभराव के बीच गली से निकलता साइकिल सवार। • अमृत विचार

# सीएमओ ने सीएचसी भमोरा का किया औचक निरीक्षण

बरेली/भमोरा, संवाददाता

- चिकित्सकीय सेवाओं के साथ सफाई व्यवस्था को भी परखा
- मरीजों का बेहतर उपचार करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार** : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.विश्राम सिंह ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने होली पर्व को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएमओ ने विशेष रूप से होली पर प्रयोग किए जाने वाले रंगों को लेकर सावधानी बरतने की अपील की। कहा कि ऐसे रंगों का प्रयोग न करें, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ सफाई व्यवस्था को भी परखा। कहा कि सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें लापरवाही न बरती जाए। मरीजों को बेहतर उपचार दिया जाए। इस दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इस अवसर पर डॉ. राहुल यादव, फार्मासिस्ट उबेद अंसारी, वार्ड बॉय राजपाल, स्वच्छता कर्मी गुलशन तथा स्टाफ नर्स सुजियाना, नाहिदा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# मुश्किल में सफर : होली से एक दिन पहले फुल होकर चलीं ट्रेनें

## जंक्शन व इज्जतनगर स्टेशन पर दिखी यात्रियों की भीड़, ट्रेनों में चढ़ने में हुई दिक्कत

- अतिरिक्त कोच लगाने के बाद भी यात्रियों को नहीं मिली राहत
- सीट न मिलने पर कई यात्री महिला कोच में सवार हो गए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** होली से एक दिन पहले जंक्शन, सिटी और इज्जतनगर स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ रही। नियमित ट्रेनों में यात्रियों को बैठने के लिए सीटें नहीं मिल पा रही हैं। भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए हैं, मगर इसके बाद भी यात्रियों को राहत नहीं मिल पा रही है।

मंगलवार को बरेली जंक्शन पर लगभग सभी ट्रेनों में भीड़ देखने को मिली। ट्रेन में चढ़ने- उतरने और सीट पाने के लिए यात्री एक दूसरे से धक्का-मुक्की करते नजर आए। त्रिवेणी, राज्यरानी, अवध आसाम, हावड़ा मेल समेत कई ट्रेनों में भारी भीड़ रही। तमाम यात्री सीट नहीं मिलने पर दिव्यांग और महिला कोच में सफर करते दिखे।



बरेली जंक्शन पर यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने के लिए जूझना पड़ा। • अमृत विचार

### मुरादाबाद मंडल की चार ट्रेनों में लगाए गए अतिरिक्त कोच

होली के मद्देनजर मुरादाबाद मंडल की चार गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 25503 डिब्रुगढ-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में 3 से 15 मार्च तक, 20504 नई दिल्ली- डिब्रुगढ राजधानी एक्सप्रेस में 6 से 18 मार्च तक, 20505 और गाड़ी नंबर 20506 में भी वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का एक स्लीपर कोच लगाया गया है।

### चलती ट्रेन पर पर न फेंकें गोबर

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की डीआरएम वीणा सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चलती ट्रेन पर गोबर, कीचड़, पत्थर आदि न फेंकें। इससे यात्री एवं रेलकर्मी घायल हो सकते हैं। स्टेशन एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाए रखने में रेल प्रशासन को सहयोग करें। यात्री गाड़ियों की छत, कप्लिंग, पायदान पर पर बैठकर यात्रा न करें। कहा कि स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल उपरिगामी पुल का उपयोग करें।

### होली स्पेशल ट्रेनें खाली, रेलवे ने जारी की सूचना

**बरेली, अमृत विचार** : होली पर एक ओर जहां नियमित ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है तो दूसरी ओर होली स्पेशल ट्रेनें खाली हैं। होली से एक दिन पहले मंगलवार को रेलवे ने होली स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली होने की जानकारी दी। लालकुआं से चलने वाली 05045 लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में 15 मार्च को शयनयान श्रेणी में 365 बर्थ, 22 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 05, शयनयान श्रेणी में 459 बर्थ उपलब्ध हैं। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट विशेष गाड़ी में 5 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 65 व वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 103, 12 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 102, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 306 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 88 बर्थ और 19 मार्च को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 4, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 103, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 129 एवं शयनयान श्रेणी में 139 बर्थ उपलब्ध हैं। 05005 बढ़नी-अमृतसर विशेष गाड़ी में 4 मार्च को शयनयान श्रेणी में 404, 11 मार्च को शयनयान श्रेणी में 364, 18 मार्च को शयनयान श्रेणी में 486 बर्थ उपलब्ध हैं। गोमती नगर से चलने वाली 05023 गोमती नगर-खातीपुरा विशेष गाड़ी में 10 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 19, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी 67 व शयनयान श्रेणी में 412 बर्थ उपलब्ध हैं। लालकुआं से चलने वाली 05060 लालकुआं-कोलकाता विशेष गाड़ी में 05 मार्च को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 52, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 138 बर्थ, 12 मार्च को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 55 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 220 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 137 बर्थ उपलब्ध हैं।



होली पर घर जाने के लिए जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ दिखी। • अमृत विचार

# बाजार पर होली का रंग, उमड़े ग्राहक



होली पर नये कपड़े पहनने के लिए खरीदारी करते लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होली की पूर्व संध्या पर पिचकारियों, गुलाल और गुझियों की हुई जमकर खरीदारी
- हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग अधिक रही, दुकानदारों के खिले चेहरे

**अमृत विचार** : होली की पूर्व संध्या पर शहर में बाजार होली के रंग से सराबोर नजर आया। मंगलवार को मुख्य बाजार से गली-मोहल्लों की छोटी दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही। रंग, गुलाल, पिचकारी, अबीर और विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की खरीदारी होती रही। शाम ढलते-ढलते बाजारों की रौनक और बढ़ गई।

सबसे अधिक भीड़ रंग और पिचकारी की दुकानों पर रही। बच्चों ने कार्टून और सुपरहीरो थीम वाली पिचकारियां पसंद कीं, जबकि युवाओं में हर्बल और ऑर्गेनिक गुलाल की मांग अधिक रही। श्यामगंज बाजार के दुकानदार राजू गुप्ता ने बताया कि इस बार पर्यावरण के अनुकूल रंगों की बिक्री बढ़ी है। कई अभिभावक भी बच्चों के लिए सुरक्षित रंगों की तलाश करते नजर आए। मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की कतार लगी रही। गुजिया, मठरी, दही भल्ले और काजू कतली की मांग सबसे ज्यादा रही। कई परिवारों ने उपहार पैक भी तैयार कराए, जिन्हें रिश्तेदारों और मित्रों को देने की तैयारी है। दुकानदारों ने बताया कि छोटी होली के दिन बिक्री में सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना वृद्धि हुई है। त्योहारी खरीदारी के चलते व्यापारियों के चेहरों पर खुशी दिखी। सुरक्षा के लिहाज से बाजारों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### कपड़ों की दुकानों पर भी दिखी भीड़

कपड़ों की दुकानों और रेडीमेड शोरूम में भी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। देर रात तक दुकानें खुली रहीं। दुकानदारों के अनुसार लोग फैशन ट्रेंड के साथ आरामदायक कपड़ों को प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, होली पर नए कपड़े पहनने की परंपरा है। इस वजह से कपड़ों की खरीदारी खूब होती है।

# परचम कुशाई से नासिर मियां के कुल की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : परचम कुशाई से नासिर मियां के तीन रोजा कुल की शुरुआत सोमवार से हो गई। पहले दिन साबिर पाक के कुल की रस्म अदा की गई। कई देशों में चल रहे युद्ध पर रोक और देश और दुनिया में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

सिविल लाइन स्थित मस्जिद नौमहला में हजरत ख्वाजा नासिर मियां के 121 वें उर्स के पहले दिन मंगलवार सुबह कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। शाम को असर की नमाज के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। साबिर पाक के कुल की रस्म अदा की गई। सभी अकीदतमंद और रोजदारों के लिए सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। उर्स की महफिल की सरपरस्ती दरगाह के सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासरी ने की। नायब सज्जादानशीन ख्वाजा सलमान अहमद नासरी, ख्वाजा श्यान हसन, ख्वाजा वसीम अहमद नासरी, सूफी वसीम मियां, प्रवक्ता पम्मी खां वारसी, शाने अली, कमाल मियां, नन्ना मियां, हसनैन आदि मौजूद रहे।

### रात में हुआ ऑल इंडिया मुशायरा

नासिर मियां के कुल के पहले दिन मंगलवार रात ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन हुआ। जिसमें ख्वाजा सुल्तान अहमद, शायर बिलाल सहारनपुरी, शायर ख्वाजा शायान हसन, मौलाना हसन रजा, खुर्रम सुल्तानी, खुर्शीद हैदर, तस्लीम सरबर, सलमान जाफर, वसीम, सलमान आरिफ, अदनान कासिफ, शादाब कासगंज आदि शायरों ने अपने कलाम पेश किए।



परचम कुशाई की रस्म में शामिल अकीदतमंद। • अमृत विचार

# परिवहन निगम : बसों को नहीं मिल रहे यात्री

- सेटेलाइट और पुराने बस अड्डों पर सुबह से शाम तक नजर नहीं आई भीड़
- दिल्ली और लखनऊ समेत अन्य लंबे मार्ग की बसों में खाली रहीं सीटें

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सूना पड़ा सेटेलाइट बस स्टैंड। • अमृत विचार

**अमृत विचार** : होली के मौके पर यात्रियों को सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए रोडवेज के होली प्लान को जिले में ठोस सफलता नहीं मिली। होली से ठीक एक दिन पहले शहर के दोनों बस अड्डों पर यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम रही। दिल्ली, लखनऊ, कानपुर समेत अन्य लंबे रूट की बसों में भी सीटें खाली नजर आईं। लोकल रूट पर भी हाल कुछ खास बेहतर नहीं था। इससे परिवहन निगम के अफसरों की चिंता बढ़ गई। यात्रियों की कम संख्या के कारण अफसरों को अतिरिक्त फेरे लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ी और उनके चेहरे पर हल्की चिंता साफ देखी गई।

दरअसल, मुख्यालय के निर्देश पर परिवहन निगम के अफसरों ने होली पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर विशेष तैयारी की थी। ट्रेनों में लंबी वेटिंग, कन्फर्म टिकटों की कमी और सीटों की मारामारी के बीच संभावना जताई जा रही थी कि बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बसों का रुख करेंगे। इसके चलते निगम ने दिल्ली और लखनऊ मार्ग पर 150 बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया था। चालक और परिचालकों की छुट्टियां निरस्त कर विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की है, जो नौ मार्च तक प्रभावी रहेगी। लेकिन, इस बार हालात उलट ही नजर आ रहे हैं। अफसरों के अनुसार, यात्री प्रवाह का अनुमान होली के समय बदलता रहता है। लंबे रूटों पर लोग निजी वाहन या कार सेवाओं की ओर अधिक रुचि ले रहे हैं। इसके चलते बसों में यात्री संख्या में भारी कमी देखने को मिल रही है। परिवहन निगम ने दोनों बस अड्डों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त स्टाफ की तैनाती कर रखी थी। बस अड्डों पर ट्रैफिक नियंत्रण, टिकटिंग और यात्रियों की सुविधा के लिए कर्मचारियों को सुबह से ही सतर्क रखा गया। देर शाम तक यात्री संख्या में वृद्धि की संभावना को देखते हुए निगम के अफसर और कर्मचारी दोनों बस स्टैंड पर मौजूद रहे। आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि मंगलवार देर रात और बुधवार को सुबह होली के दिन अचानक यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है, इसलिए सभी बसों को तैयार रखा गया है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि भले ही होली से एक दिन पहले बसों में यात्रियों की कमी रही हो, लेकिन अफसर और कर्मचारी पूरी तरह सतर्क दिखाई दे रहे हैं।

कमाई में इजाफा

सिटी बसों में पांच रुपये में एसी सफर, तीन माह में 800 से पांच हजार पार हुईं दैनिक सवारियां

# किराया घटा तो बढ़ा भरोसा, यात्रियों की संख्या में दस गुना इजाफा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज का दावा- पांच रुपये किराया होते ही फुल हुईं ई-बसें
- शहर के दो रूटों पर दौड़ रहीं 25 इलेक्ट्रिक बसें, यात्रियों के लिए 60 स्टॉपेज



शहर में दौड़ती सिटी बस। • अमृत विचार

**अमृत विचार** : सस्ता किराया और बेहतर सुविधाओं ने बरेली की सिटी बस सेवा की तस्वीर बदल दी है। कभी खाली चलने वाली एसी ई-बसें अब यात्रियों से भरकर दौड़ रही हैं। तीन माह पहले तक प्रतिदिन महज 500 से 600 यात्री इन बसों में सफर कर रहे थे, लेकिन किराया घटने के बाद यह संख्या बढ़कर पांच हजार से अधिक हो गई है।

सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के आंकड़े बताते हैं कि यात्रियों का रुझान तेजी से सार्वजनिक परिवहन की ओर बढ़ा है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और बाजार आने-जाने वाले लोग अब ऑटो या निजी वाहनों के बजाय सिटी बसों को प्राथमिकता दे रहे हैं। पिछले साल ग्रामीण रूटों से हटाकर सभी 25 ई-बसों को शहरवासियों को समर्पित कर दिया गया था। इन बसों का न्यूनतम किराया 12 रुपये था। शहर के तीन रूटों पर 60 स्टॉपेज होने के बावजूद यात्रियों की संख्या अपेक्षा से कम थी। यात्रियों के फीडबैक के बाद जनवरी के पहले सप्ताह से न्यूनतम किराया घटाकर पांच रुपये कर दिया गया। इस फैसले का असर कुछ दिन बाद ही दिखाई देना शुरू हो गया। पहले जहां बसों में सीटें खाली रहती थीं, वहीं अब कई फेरे लगभग फुल चल रहे हैं। कम किराये में एसी, आरामदायक और प्रदूषण-मुक्त यात्रा लोगों को आकर्षित कर रही है।

सुरक्षा और तकनीक भी इस सेवा की बड़ी खासियत बनकर उभरी है। बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिससे खासकर महिला यात्रियों और अभिभावकों में भरोसा बढ़ा है। साथ ही ई-बस सेवा एप के माध्यम से यात्री बसों की लाइव लोकेशन, आगमन समय और उपलब्ध रूट की जानकारी आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें पता रहता है कि बस कितनी देर में स्टॉप पर पहुंचेगी, जिससे समय की बचत हो रही है। यही कारण है कि नियमित यात्री वर्ग तेजी से इस सेवा से जुड़ रहा है। हालांकि एक रूट पर संचालन अस्थायी रूप से बंद है।

नगर निगम की ओर से सिटी स्टेशन से दूल्हा मियां की मजार तक सड़क निर्माण कार्य के चलते डायवर्जन किया गया है। इस कारण झुमका तिराहे से सेटेलाइट बस अड्डा वाया चौपुला, गांधी उद्यान रूट पर ई-बसों का संचालन तीन माह के लिए रोका गया है। इसके बावजूद कुल यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। दिसंबर में जहां 750 से 800 सवारियां मिली थीं थी। वहीं जनवरी में किराया घटना के बाद प्रतिदिन का आंकड़ा करीब दो हजार पहुंची। 15 फरवरी तक आंकड़ा करीब साढ़े चार हजार था, अब यह पांच हजार पार कर चुका है, जो इस बात का संकेत है कि सस्ती और सुविधाजनक सिटी बस सेवा बरेलीवासियों की पहली पसंद बनती जा रही है।

> पिछले साल सिटी बस सेवा जब शुरू हुई थी तो यात्रियों की औसत संख्या 800 थी। जनवरी माह में किराये में कटौती के बाद लगातार यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अब बसों में यात्रियों की आंकड़ा पांच हजार के करीब पहुंच गया है। आगे भी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। इसकी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। **- मनीषा दीक्षित,** प्रबंध संचालक, सिटी बस सेवा

# फर्जीवाड़ा करने में तीन प्रधानों से वसूली के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम के निर्देश पर तत्कालीन सचिवों से वसूली के लिए डीपीआरओ ने आदेश जारी किया

**अमृत विचार** : वर्ष 2018-19 के ऑडिट प्रतिवेदन में अधिभार के रूप में शामिल धनराशि की आधी-आधी वसूली तत्कालीन प्रधान और सचिव से होनी है। डीएम के निर्देश पर तत्कालीन सचिवों से वसूली के लिए डीपीआरओ ने आदेश जारी किया है। कुल 5459758 रुपये की वसूली की जानी है।

ग्राम पंचायत सरदार नगर के तत्कालीन सचिव नरेश पाल से 1891684 रुपये, ग्राम पंचायत हृदयपुर उर्फ अंधरपुरा के तत्कालीन सचिव रामआसरे से 604509 रुपये, ग्राम पंचायत भैरपुरा खजुरिया के तत्कालीन सचिव चैतन्य प्रकाश से 260625 रुपये, ग्राम पंचायत गरीबपुर के तत्कालीन सचिव विकास रविंद्र से 113744 रुपये, ग्राम पंचायत ढकनी राजपुरी के तत्कालीन सचिव कुलदीप कुमार पांडे से 2080122 रुपये, ग्राम पंचायत दिलीपपुर के तत्कालीन सचिव नरेश पाल से 509074 की वसूली उनके वेतन से किए जाने के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने डीएम के निर्देश पर आदेश जारी किया है। वेतन लिपिक को यह निर्देश दिया गया है कि उक्त धनराशि की वसूली सचिवों के वेतन से की जाए।

सिटी ब्रीफ

## हरि मंदिर में खेली फूलों की होली, भजन गाए

**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में भक्तों ने फूलों से होली खेली। बिहारी जी के दर्शन किए। फाग महोत्सव के द्वितीय दिवस पर मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोड़ा और उपाध्यक्ष अश्विनी ओबेरॉय ने ज्योत प्रज्ज्वलित की। शिवम शर्मा ने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। "मेरी चुनर पर रंग मत डाल रसिया", "मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होरी में, श्री हरि मंदिर में होली खेलने आ जाना गिरधारी भजनों से समा बांध दिया। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा और उनकी टीम ने भी ठाकुरजी संग फूलों की होली खेली। सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि फाग महोत्सव का तृतीय दिवस बुधवार को सुबह 9 बजे श्री बुआ दाती संकीर्तन मंडल के साथ मनाया जाएगा।

## बरेली कैंट में हस्तकला उत्सव का समापन

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली छावनी में आयोजित सात दिवसीय भारतीय हस्तकला उत्सव का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान ग्राहकों ने 17 .65 लाख रुपये की खरीदारी की। उत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक हस्तकलाओं का प्रदर्शन किया गया। जिनमें हस्तकरघा वस्त्र, लकड़ी की कलाकृतियां, सजावटी सामग्री, पारंपरिक परिधान और अन्य शिल्प उत्पाद शामिल रहे। स्थानीय नागरिकों, परिवारों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कारीगरों का मनोबल बढ़ाया। यह आयोजन डॉ. तनु जैन सीईओ बरेली कैंटोनमेंट बोर्ड के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल कारीगरों को आर्थिक मजबूती मिलती है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिलती है। कहा कि हस्तनिर्मित उत्पादों के प्रति लोगों का विश्वास निरंतर बढ़ रहा है।

## नाथनगरी जलाभिषेक समिति ने किया शोभायात्रा का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार** : नाथनगरी बरेली जलाभिषेक समिति के पदाधिकारी भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में शामिल हुए। सड़कों पर रंग, गुलाल और फूलों की वर्षा के बीच श्रद्धालु झूमते नजर आए। कोतवाली पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। नंदगांव और बरसाने की पारंपरिक झलकियों ने सभी का मन मोह लिया। बृजवासी लाल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, मनोज देवल, अनूप अग्रवाल, रोहित, धर्मेश अग्रवाल, पंकज देवल, शोभित अग्रवाल, कपिल गुप्ता, तीरथ राम, प्रवीण अग्रवाल, तुषार गुप्ता, रामसनेही शर्मा आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में शामिल हुरियारों की टोली ने जमकर की मस्ती। ● अमृत विचार


शोभायात्रा के दौरान रंगों की मोर्चाबंदी करते हुरियारे। ● अमृत विचार

# सड़कों पर आस्था और सांस्कृतिक विरासत की दिखी झलक

### चाहबाई से निकली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा पर लोगों ने खूब बरसाया रंग, श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया भव्य स्वागत

- शंखध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे, देव स्वरूपों की झांकियों ने मन मोहा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : चाहबाई क्षेत्र मंगलवार को भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया, जब भगवान नरसिंह की शोभायात्रा निकाली गई। पूजन और आरती के बाद ध्वज दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया गया। जैसे ही सुसज्जित रथ आगे बढ़ा, ढोल-ताशों और शंखध्वनि ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु जय नरसिंह देव के जयकारों के साथ यात्रा के संग कदमताल करते नजर आए। आस्था और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली।

शोभायात्रा की शुरुआत श्री चित्रगुप्त मंदिर से हुई। इसके बाद बानखाना, श्री गौरी शंकर मंदिर, बजरिया, श्री अग्रसेन विद्यालय, दयानंद चौक और नॉवल्टी रोड से होती हुई यात्रा पुराना रोडवेज पहुंची। आगे बढ़ते हुए श्रद्धालु श्री काली मंदिर, गोपीनाथ, मठ की चौकी, शिवाजी मार्ग और महादेव सेतु से होकर पुनः चाहबाई लौटे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान भक्ति गीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से वातावरण उल्लासमय रहा। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर प्रसाद बांटा। छतों से लोगों ने शोभायात्रा पर फूल बरसाए।


कालीबाड़ी में शोभायात्रा के दौरान हुरियारों का फूल व गुलाल से स्वागत किया गया। ● अमृत विचार


रथ पर देव स्वरूपों की झांकी के साथ श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### चंद्रग्रहण ने तोड़ी दशकों पुरानी परंपरा

बमनपुरी और चाहबाई की राम बरात और शोभायात्रा का दशकों पुराना साथ और मोर्चाबंदी इस बार देखने को नहीं मिली। चंद्रग्रहण के चलते इस बार राम बरात को एक दिन पहले सोमवार को निकाला गया था।धार्मिक मान्यताओं और ग्रहण के सूतक काल को देखते हुए आयोजकों ने यह फैसला लिया था। नरसिंह भगवान शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष विजय मन्नू महाराज ने बताया कि नरसिंह भगवान विराट रूप हैं, सारे ग्रह उनके अधीन होते हैं। हमने विद्वानों से भी जानकारी की थी। उन्होंने भी कहा कि इसमें कोई भी फर्क नहीं पड़ेगा।

आयोजन समिति ने यात्रा की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की थी। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। समापन पर सामूहिक आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। अध्यक्ष पंडित विजय मन्नू महाराज, अनुराग अग्रवाल, नीरू भारद्वाज, राहुल ठाकुर, गोविंद पटवा, मनीष पाठक, हनी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**बरेली कॉलेज व कालीबाड़ी पर हुई रंगों की मोर्चाबंदी :** नॉवल्टी रोड के बाद कालीबाड़ी क्षेत्र में भक्तों का जोश देखते ही बना। बरेली कॉलेज के आसपास लोगों ने छतों से रंग व पानी की बौछार की। जमकर गुलाल उड़ाया। कालीबाड़ी मंदिर के पास हुरियारों और लोगों के बीच जमकर मोर्चेबंदी हुई।

युवाओं ने पारंपरिक ढंग से रंगों की मोर्चाबंदी कर यात्रा का स्वागत किया। जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।


शोभायात्रा में नरसिंह भगवान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में मुखौटा लगाकर शामिल हुरियारे। ● अमृत विचार

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ खेली फूलों की होली, बांटीं खुशियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : मानव सेवा क्लब ने मंगलवार को काशी वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ फूलों की होली खेली। अबीर-गुलाल लगाकर उन्हें सम्मानित किया। मिठाई और फल बांटे।

पदाधिकारियों और सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उन्हें अपनेपन और एहसास कराया। क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि संस्था हर त्योहार वृद्धजनों के साथ मनाने का प्रयास करती है, ताकि उन्हें परिवार जैसा वातावरण और अपनापन मिल सके। प्रकाश चंद्र सक्सेना, जितेंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, विजय कपूर, प्रीति सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, डीडी शर्मा, मंजू लता आदि मौजूद रहे।



काशी वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के साथ होली खेलते पदाधिकारी।

# प्रेम, सौहार्द व समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला

- रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ ने धूमधाम से मनाया फाग महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ ने जसोरिया फार्म में मंगलवार को फाग महोत्सव मनाया। इस दौरान प्रेम, सौहार्द और समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। क्लब सदस्यों और उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर उत्सव को यादगार बना दिया।

इस दौरान हाउजी गेम, जलेबी रेस, मटकी फोड़ और होली रील्स जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रंगों से सजी मटकी फोड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। डीजे संगीत और डांस ने पूरे वातावरण को रंगमय बना दिया। विशेष होली व्यंजन, गुलाल और गुजिया गिफ्ट्स ने उत्सव की खुशियों को और बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के चंदन टीका लगाकर स्वागत के साथ हुआ। सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का पर्व है। उन्होंने समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया।

डॉ. आईएस तोमर, रवि प्रकाश अग्रवाल, डॉ. रवि मेहरा, अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, ध्रुव तिलक, घनश्याम खंडेलवाल, अमरजीत सिंह, अनुपम कपूर, डीसी खंडेलवाल, संदीप मेहरा, चंद्र प्रकाश, विशाल अरोरा, दिनेश प्रधान, राजीव अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, डॉ. सुनील कुमार, संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, हरीश मलिक, हिमांशु कौशिक, मनोज अग्रवाल, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे। नेहा, विभोर भरतिया, रूबी, राजीव तनेजा, डॉ. नीलू मेहरोत्रा, विमल मेहरोत्रा, सुनीता, राजू खंडेलवाल, इंदु सेठी, मनोज सेठी, नीलम, पवन जायसवाल, मंजू और राकेश धीरवानी का योगदान रहा।



फाग महोत्सव में उपस्थित रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

होली महोत्सव

### आईएमए भवन में किया गया अयोजन, परिवार के साथ खेली फूलों से होली

# दिखा उत्साह : होली की मस्ती में डॉक्टर जमकर नाचे और खेले होली

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत के साथ माहौल हुआ रंग-बिरंगा
- एक-दूसरे संग मिलकर सौहार्द और भाईचारे का संदेश किया साझा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : आईएमए हॉल में मंगलवार रात होली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक चिकित्सकों और उनके परिजनों ने भाग लिया। रंग-बिरंगे वातावरण, सजावट और संगीत के बीच होली की धूम देखने को मिली। डॉक्टरों ने होलिका दहन के बाद पारंपरिक फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और फिल्मी गानों पर जमकर थिरकते हुए समारोह का आनंद लिया। यह कार्यक्रम देर रात तक चला और उपस्थित सभी लोगों ने उत्सव का पूरा आनंद उठाया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संगीत का समन्वय कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा रहा था।

सिविल लाइंस स्थित आईएमए भवन परिसर में सजावट और रंग-बिरंगी लाइट्स ने महोत्सव का आनंद उस वक्त कई गुना और बढ़ा दिया जब डॉक्टरों और उनके परिजनों ने न केवल होली खेली, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी साझा किया। सांस्कृतिक संध्या के बाद सभी ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडीजी रमित शर्मा मौजूद रहे। आईएमए बरेली के अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. कामेन्द्र सिंह और सांस्कृतिक संयोजक डॉ. सुविधा महार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. रवीश अग्रवाल, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. जेके भाटिया, डॉ. डीपी गंगवार, डॉ. विनोद पगरानी, डॉ. पवन अग्रवाल, डॉ. गिरीश अग्रवाल, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. अर्चना अग्रवाल, डॉ. रितु राजीव, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. मुक्ता पागरानी, डॉ. अदिति सिंह सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे।


आईएमए भवन में होली महोत्सव में होली के गीतों पर झूमते डॉक्टर्स। ● अमृत विचार


होली महोत्सव में मौजूद डॉ. केशव अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल।

## 130 होनहार बाल वैज्ञानिक बनने की दौड़ में शामिल

**बरेली, अमृत विचार** : जिले के 130 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत हुआ है। ये छात्र अब बाल वैज्ञानिक बनने की दिशा में अपने प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत करेंगे। जिसके बाद उनका चयन प्रदेश स्तर पर किया जाएगा।

राजकीय स्कूल ताल गौटिया के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र मौर्य ने बताया कि देशभर से लगभग एक लाख विद्यार्थियों के आइडिया इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए चुने गए। जिनमें से बरेली के 130 छात्रों के प्रोजेक्ट चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट बनाने के लिए 10-10 हजार रुपये दिए जाते हैं। राजकीय स्कूल ताल गौटिया से पांच छात्रों ने आवेदन किया था, जिनमें से तीन का चयन हुआ है। इससे प्रधानाचार्य और शिक्षक खुश हैं।